ANNUAL EXAMINATION

Question Paper 2023

NCERT BASED SYLLABUS

FOR CBSE AND STATE BOARD
FOLLOWING NCERT

aglasem.com

ANNUAL EXAMINATION (2022-23)

Class - VIII | **Subject – Hindi**
Time – 3 Hours | **Maximum Marks- 80**

निर्देश – (i) प्रश्नों की कुल संख्या – 1 से 6 है।
(ii) प्रश्न दो भाग में है – खण्ड 'क' तथा खण्ड 'ख'
(iii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(iv) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखे।

खण्ड 'क'

प्रश्न (1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा दिए गए प्रश्नों के उचित उत्तर चुनकर लिखें –

(क) प्रेमचंद पवित्र उद्देश्य को पाने के लिए साधनों की पवित्रता में विश्वास करते थे। इनकी रचनाओं के प्रमुख पात्र इसी आदर्श को मानने वाले होते थे। उन्होंने ग्रामीण जीवन को बड़े निकट से देखा था। इसी कारण उनकी रचनाओं में ग्राम्य जीवन साकार हो उठा। प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं में निम्न वर्ग और मध्यम वर्ग का चित्रण अधिक किया है। 'गोदान' उपन्यास पढ़ने से ऐसा प्रतीत होता है, जैसे ये घटनाएँ हमारे आस–पास ही घटित हो रही हैं।

प्रेमचंद के साहित्य में सामाजिक समस्याओं का सुंदर चित्रण मिलता है। इन्होंने अपनी रचनाओं में मनोरंजन के अतिरिक्त देश, समाज और परिवार की ज्वलंत समस्याओं को हमारे सामने रखा है। उनके उपन्यासों का केंद्र सामाजिक जीवन ही है। **(1X5=5)**

(i) प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं में किस वर्ग का चित्रण अधिक किया है?
(क) मध्यम वर्ग का (ख) उच्च वर्ग का (ग) निम्न और मध्यम वर्ग का (घ) शिक्षित वर्ग का

(ii) प्रेमचंद के उपन्यासों का केंद्र क्या है?
(क) राजनीतिक जीवन (ख) पारिवारिक जीवन (ग) सामाजिक जीवन (घ) विदेशी जीवन

(iii) प्रेमचंद द्वारा रचित उपन्यास निम्नलिखित में से कौन सा है?
(क) गोरा (ख) गोदान (ग) मैला आँचल (घ) तमस

(iv) प्रेमचंद ने किस प्रकार के जीवन को निकट से देखा था?
(क) शहरी जीवन को (ख) ग्राम्य जीवन को (ग) विदेशी जीवन को (घ) राजनीतिक जीवन को

(v) प्रेमचंद साधनों की पवित्रता में क्यों विश्वास करते थे?
(क) शिक्षा प्राप्त करने के लिए (ख) पवित्र उद्देश्य को पाने के लिए
(ग) गरीबी की समस्या दूर करने के लिए (घ) रोजगार पाने के लिए

(ख) संसार का हर धर्म दया और करूणा को सर्वोच्च महत्त्व देता है। बुद्ध ने समूची जनता को करूणा का संदेश दिया। जैन धर्म दया को 'अहिंसा' के नाम से पुकारता है तो ईसाई धर्म – 'क्षमा और सेवा' के नाम से। प्रकृति हमें परोपकार की शिक्षा देती है। सूर्य हमें प्रकाश देता है, चंद्रमा अपनी चाँदनी छिटकाकर शीतलता प्रदान करता है। भारत अपनी परोपकारी परंपरा के लिए जगत प्रसिद्ध रहा है। परोपकार करने से आत्मा को

schools.aglasem.com
aglasem.com

सच्चे आनंद की प्राप्ति होती है। दूसरे के कल्याण से आत्मा विस्तृत हो जाती है। अतः जीवन को समाज हित में लगाने के लिए हमें 'दया' का पवित्र भाव मन में जगाना चाहिए। **(1X5=5)**

(i) संसार के प्रत्येक धर्मों ने किसे महत्त्व दिया है?
(क) दया और करूणा को (ख) सम्पन्नता को (ग) स्वावलंबन को (घ) आत्मज्ञान को

(ii) जैन धर्म दया को किस नाम से पुकारता है?
(क) अहिंसा (ख) हिंसा (ग) परोपकार (घ) मित्रता

(iii) सूर्य हमें प्रकाश देता है – यह उसके किस भाव को दर्शाता है?
(क) परोपकार (ख) अपनापन (ग) सहिष्णुता (घ) हिंसा

(iv) परोपकार करने से निम्नलिखित में से कौन सा लाभ नहीं मिलता है?
(क) सच्चे आनंद की (ख) आत्मा विस्तृत हो जाती है
(ग) अलौकिक आनंद की प्राप्ति होती है। (घ) आत्मा अशांत हो जाती है।

(v) जीवन को समाज हित में लगाने के लिए हमें कौन सा भाव मन में जगाना चाहिए?
(क) अहंकार (ख) ईर्ष्या (ग) हिंसा (घ) दया

प्रश्न (2) व्यवहारिक व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उचित उत्तर चुनें :– (1X20=20)

(i) अपने भावों और विचारों की अभिव्यक्ति के लिए क्या आवश्यक है?
(क) भाषा (ख) शिक्षा (ग) व्याकरण (घ) पुस्तक

(ii) निम्नलिखित में से हवा किसके उच्चारण में केवल नाक सेनिकलती है?
(क) अनुस्वार के (ख) अनुनासिक के (ग) नुक्ता के (घ) स्वर के

(iii) निम्नलिखित शब्दों में कौन – सा शब्द 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(क) अंबर (ख) व्योम (ग) वसन (घ) गगन

(iv) 'अनिवार्य' का विलोम शब्द चुनें :–
(क) अनावश्यक (ख) आवश्यक (ग) ऐच्छिक (घ) इच्छुक

(v) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द बताएँ –
जो आत्मा से संबंधित हो
(क) आत्मनिर्भर (ख) अभियुक्त (ग) आत्मिक (घ) आत्मविश्वासी

(vi) हमें ——— समय पर विद्यालय जाना चाहिए।
निम्नलिखित समरूपी भिन्नार्थक शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरें :–
(क) नियत (ख) नीयत (ग) निर्यात (घ) नियति

(vii) निम्नलिखित शब्दों में से वह शब्द चुनें जिसमें उपसर्ग एवं प्रत्यय दोनों प्रयुक्त हों –
(क) अपमानित (ख) आवश्यकता (ग) लिखाई (घ) अभिशाप

(viii) निम्नलिखित वाक्य में कर्म के आधार पर क्रिया के भेद बताएँ –
गाय हरी–हरी घास खा रही है।
(क) सकर्मक (ख) अकर्मक (ग) द्विकर्मक (घ) प्रेरणार्थक

schools.aglasem.com
aglasem.com

(ix) अकर्मक क्रिया में क्रिया का फल किस पर पड़ता है?
(क) कर्म पर (ख) कर्ता पर (ग) क्रिया पर (घ) वाक्य पर

(x) बच्चे गेंद से खेल रहे हैं।
उपर्युक्त वाक्य में कौन – सा शब्द कर्म है?
(क) गेंद (ख) बच्चे (ग) खेल (घ) कोई नहीं

(xi) हरी शाक–सब्जी अधिक खाना चाहिए।
रेखांकित शब्द क्रिया विशेषण के कौन से भेद के अंतर्गत आता है?
(क) स्थानवाचक (ख) परिमाणवाचक (ग) रीतिवाचक (घ) कालवाचक

(xii) क्रिया विशेषण शब्द किसकी विशेषता बताते हैं?
(क) वाक्य की (ख) संज्ञा शब्द की (ग) क्रिया की (घ) विशेषण की

(xiii) दिए गए विराम चिह्न का नाम बताएँ –
〃 〃
(क) विवरण चिह्न (ख) उद्धरण चिह्न (ग) विस्मरण चिह्न (घ) हंसपद चिह्न

(xiv) कोमल सी बच्ची डॉक्टर बनना चाहती है
उपर्युक्त वाक्य में कौन–कौन से विराम चिह्नों का प्रयोग होगा?
(क) ( ) ! (ख) , । (ग) – । (घ) – ?

(xv) निम्नलिखित मुहावरे के अर्थ लिखें –
एक आँख से देखना
(क) बदल जाना (ख) सबको समान रूप से देखना
(ग) बहुत क्रोधित होना (घ) डरकर भागना

(xvi) निम्नलिखित अर्थ के लिए उचित मुहावरे बताएँ –
विरोध करना .....
(क) छाती साँप लोटना (ख) गर्दन उठाना (ग) उँगली उठाना (घ) कलम तोड़ना

(xvii) परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए मोनू ने ————————।
उचित मुहावरे चुन कर वाक्य पूरा करें –
(क) खून पसीना एक कर दिया (ख) गीदड़ भभकी दिया
(ग) घुटने टेक दिया (घ) गर्दन उठा दिया

(xviii) निम्नलिखित में से कौन–सा जोड़ा स्त्रीलिंग शब्द नहीं है?
(क) मोती,नीम (ख) गंगा,हथेली (ग) रोटी,खीर (घ) मछली,लोमड़ी

(xix) 'बुद्धिमान' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द लिखें –
(क) बुद्धिमती (ख) बुद्धिमानी (ग) बुद्धिवती (घ) बुद्धिहीन

(xx) निम्नलिखित एकार्थक शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरें –
महात्मा गाँधी के प्रति लोगों में अपार ——— है।
(क) कृपा (ख) दया (ग) भक्ति (घ) श्रद्धा

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्रश्न (3) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ें तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें –

(क) अब सब लोग नल पर टूट पड़े। यहाँ भी वह घमासान मची कि क्या मजाल जो एक बूँद पानी भी किसी के बर्त्तन में आ सके। ठूसम–ठास! किसी बालटी पर पतीला और पतीले पर लोटा और भगोने और डोंगे। पहले तो धक्के चले। फिर कुहनियों और उसके बाद बरतन। फौरन बड़े भाइयों, बहनों, मामुओं और दमदार मौसियों, फूफियों की कुमक भेजी गई, फौज मैदान में हथियार फेंककर पीठ दिखा गई।

इस धींगामुश्ती में कुछ बच्चे कीचड़ में लथपथ हो गए, जिन्हें नहलाकर, कपड़े बदलवाने के लिए नौकरों की वर्तमान संख्या काफी नहीं थी। पास के बंगलों से नौकर आए और चार आना प्रति बच्चा के हिसाब से नहलवाए गए। **(1X5=5)**

(i) बच्चों को नहलवाने में प्रति बच्चा कितना खर्च आया?
(क) 75 पैसे (ख) 20 पैसे (ग) 50 पैसे (घ) 25 पैसे

(ii) धींगा मुश्ती में बच्चों का क्या हाल हुआ?
(क) वे कीचड़ से गंदे हो गए (ख) वे पानी से भींग गये
(ग) उन्हें चोट लग गई (घ) वे गिर पड़े

(iii) बच्चों को नहलाने के लिए नौकर को क्यों बुलाना पड़ा?
(क) बच्चों के हिसाब से नौकरों की संख्या कम थी (ख) नौकर भाग गये थे।
(ग) घर के सदस्य काम नहीं करना चाहते थे। (घ) बच्चे बहुत शरारती थे।

(iv) नौकरों को कहाँ से बुलाया गया?
(क) दूर के मोहल्ले से (ख) पास के बंगलों से
(ग) मौसी के घर से (घ) पास की झोपड़ी से

(v) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन हैं?
(क) हरिशंकर परसाई (ख) इस्मत चुगताई (ग) हजारी प्रसाद द्विवेदी (घ) प्रदीप तिवारी

(ख) दुपहर दिवस जानि घर सूनों ढूँढ़ि–ढँढोरि आपही आयौ।
खोलि किवारि, पैठि मंदिर मैं, दूध–दही सब सखानि खवायौ।
ओखल चढ़ि, सींके कौ लीन्हों, अनभावत भुईं मैं ढरकायौ।
दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कौनैं ढँग लायौ। **(1X5=5)**

(i) कृष्ण अपने मित्रों को क्या खिलाते थे?
(क) मलाई,जलेबी (ख) माखन,लड्डू (ग) दूध,मलाई (घ) दूध,दही

(ii) छींके तक पहुँचने के लिए कृष्ण किसका सहारा लेते थे?
(क) सीढ़ी का (ख) रस्सी का (ग) बोरा का (घ) ओखल का

(iii) ग्वालनों को प्रतिदिन किस चीज की हानि हो रही थी?
(क) दूध से बनी चीजों की (ख) मिठाइयों की (ग) पकवान की (घ) अनाज की

(iv) कृष्ण गवालनों के घर दिन में किस समय जाते थे?
(क) प्रातः काल (ख) दोपहर के समय
(ग) शाम के समय (घ) आधी रात को

(v) उपर्युक्त पंक्तियों के कवि का नाम बताएँ :–
(क) नरोत्तमदास (ख) सूरदास (ग) कबीरदास (घ) तुलसीदास

schools.aglasem.com
aglasem.com

खण्ड 'ख'

प्रश्न (4) (i) निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर लिखें – **(1X4=4)**

(क) कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा?
(ख) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है?
(ग) पत्र जैसा संतोष फोन या एस.एम.एस. नहीं दे सकता। इसके कोई दो कारण बताएँ।
(घ) 'चिट्ठियों की अनूठी दुनिया' नामक पाठ साहित्य की कौन सी विधा है?

(ii) निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखें – **(2X5=10)**

(क) पहली बार बस क्यों रूक गई थी? कारण पता चलने पर ड्राइवर ने समस्या का हल कैसे निकाला?
(ख) 'आलम आरा' फिल्म कब और पहली बार कहाँ प्रदर्शित हुई थी?
(ग) सुदामा के वेश भूषा का वर्णन 'सुदामा चरित' नामक पाठ के आधार पर करें।
(घ) भाव स्पष्ट करें –
जग में बैरी कोई नहीं, जो मन सीतल होय।
या आपा को डारि दे, दया करै सब कोय।।
(ङ) साइकिल को महिलाओं ने आजादी का प्रतीक क्यों माना?

(iii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें – **(3X2=6)**

(क) बदलू कौन था? मशीनी युग से उसके जीवन में क्या बदलाव आया?
(ख) 'बस की यात्रा' नाम पाठ में बस को लेखक ने वृद्धा के समान क्यों बताया है? लोगों ने लेखक को क्या सलाह दी?

प्रश्न (5) 'मधुकलश' पर आधारित किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखें – **(2X5=10)**

(क) बहू के आने से लकड़हारे के जीवन में खुशहाली आ गई। कैसे?
(ख) प्रेमचंद को गाँव में ही रहना क्यों पसंद था?
(ग) 'समय' पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती है?
(घ) लेखक को किस विषय के लिए पुरस्कार मिला था? अमेरिका में लेखक ने हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए क्या कार्य किए?
(ङ) राजकुमार जंगल में क्यों गया था? संन्यासी ने उसे क्या शिक्षा दी?
(च) मतिलदा ने पार्टी में जाने के लिए क्या–क्या तैयारी की?
(छ) 'पानी और पुल' नामक पाठ में किस समस्या को दर्शाया गया है? सराई स्टेशन पर लोग लेखक की माता से क्या आग्रह कर रहे थे?
(ज) भिखारी ने बच्चे के पैरों मे बेड़ी क्यों डाल दी थी?

प्रश्न (6)(i) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 100 से 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखे। **(5)**

(क) व्यायाम का महत्त्व
संकेत बिन्दु
- भूमिका
- प्रकार/तरीका
- महत्त्व
- निष्कर्ष

schools.aglasem.com
aglasem.com

(ख) शहरीकरण और पर्यावरण

संकेत बिन्दु
- भूमिका
- प्रभाव / हानि
- निष्कर्ष

(ग) समय का सदुपयोग

संकेत बिन्दु
- भूमिका
- महत्त्व
- सदुपयोग न करने के दुष्प्रभाव
- निष्कर्ष

(ii) छोटे भाई को मोबाइल का प्रयोग कम करने की सलाह देते हुए पत्र लिखें। (5)

या

वर्ग कक्ष में लगे स्मार्ट बोर्ड के उचित रख – रखाव हेतु प्रचार्य को पत्र लिखें।

aglasem.com

schools.aglasem.com
AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
aglasem.com